<u>भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण</u>

<u>प्रेस विज्ञप्ति</u>

शिलांग, मेघालय में डी ओ एन ई आर मंत्रायलय द्वारा मनाए गए डी ओ एन ई आर दिवस में भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण की भागीदारी

नई दिल्लीः- 3 जून, 2016 : भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण ने 27 मई 2016 को सम्पन्न एकदिवसीय कार्यक्रम "**डी ओ एन ई आर** दिवस समारोह 2016" में भाग लिया जिसकी थीम थी "मेरा देश बदल रहा है आगे बढ़ रहा है " और इसका आयोजन उत्तर पूर्वी क्षेत्र विकास मंत्रालय ने शिलांग, मेघालय में किया। विज्ञापन और दृश्य प्रचार निदेशालय (डी ए वी पी), भारत सरकार इसकी आयोजक एजेंसी थी। प्रदर्शनी का उद्घाटन भारत के माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने किया जिसके बाद एक जनसभा आयोजित की गई। इससे पूर्व शिलांग में अन्य स्थान पर उत्तर पूर्व परिषद का 65 वां पूर्ण अधिवेशन आयोजित किया गया जिसमें नागर विमानन मंत्रालय का प्रतिनिधित्व भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण ने किया।

भाविप्रा ने पेक्योंग, सिक्किम में बन रहे नए ग्रीनफील्ड हवाईअड्डो तथा तेजू हवाईअड्डा, अरुणाचल प्रदेश के विकास एवं इटानगर के समीप होलोंगी अरुणाचल प्रदेश में प्रस्तावित ग्रीनफील्ड हवाईअड्डे के विषय में सूचना दी साथ ही भारतीय हवाईअड्डों से यातायात के सुगम प्रवाह हेतु भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण द्वारा अपनाई गई नई तकनीकों अवसंरचना विकास, एवं कार्गो गतिविधियों से आगंतुकों को अवगत कराया।

जनसम्पर्क विभाग द्वारा जारी

विस्तृत जानकारी के लिए संपर्क करें

म.प्र. (जनसंपर्क) 9811521881, 011-24622787,

सं. 13/2016-17



पूर्वोत्तर क्षेत्र में हवाई अड्डों के विकास में **भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण** का योगदान।